>

Title: Need to establish a new Kendriya Vidyalaya in Sabarkantha Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण (साबरकांठा) : मेरा संसदीय क्षेत्र साबरकांठा एक आदिवासी, दलित एवं आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों का क्षेत्र है जो कि देश की आजादी के इतने वर्षो बाद भी आर्थिक रूप से बहुत पिछड़ा क्षेत्र है। हमारे यहां शिक्षा की सुविधाएं पर्याप्त न होने से हमारा विकास नहीं हो रहा है। 25 लाख की आबादी वाले इस क्षेत्र में एक ही केन्द्रीय विद्यालय हिम्मत नगर में स्थापित किया गया है। केन्द्रीय विद्यालय में सीबीएसई का पाठ्यक्रम होने से लोग अपने बच्चों का प्रवेश केन्द्रीय विद्यालय में चाहते हैं। लेकिन इस विद्यालय में केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को प्रवेश हेतु वरीयता मिलती है तथा क्षेत्र के मूल निवासी प्रवेश से वंचित रह जाते हैं। इस संबंध में सरकार से हमारी मांग है कि बच्चों के हित में दूसरा नया केन्द्रीय विद्यालय स्थापित किया जाए तथा वर्तमान केन्द्रीय विद्यालय में क्लास रूम की संख्या एवं प्रवेश के लिए बनाई गई सीमा को बढ़ाया जाए जिससे हमारे आदिवासी क्षेत्र के लोगों को शिक्षा एवं विकास का अवसर मिल सके।